





# शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया




**इंडिया इम्पैक्ट**
**मैनपाल कश्यप, इंद्री।** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, इंद्री में उच्चतर शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० विकास अत्री के नेत्रित्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनो ईकाइयों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ' इस प्रतियोगिता में लगभग 25 राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको नें भाग लिया ' पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय नशा मुक्ति पर्यावरण सुरक्षा प्लास्टिक मुक्त हरियाणा आदि रहे ' महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० विकास अत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिये आयोजित की जाती है ' अतः विद्यार्थियों को इन गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहये ' प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की महत्वता बताते हुए कहा कि विद्यार्थी और शिक्षक एक दुसरे के पूरक होते है ' अतः हमे अपने शिक्षकों से प्रेरणा लेकर अपने पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहना चाहिए ' इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो० नरेश, प्रो० पूजा एवं प्रो० कुलदीप द्वारा निभायी गयी ' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भावना ने, द्वितीय स्थान सामया तथा तृतीय स्थान हिमांशी ने हासिल किया ' महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० विकास अत्री ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिये आयोजनकर्ता प्रो० डिंपल, प्रोफ०संदीप, प्रो० वंदना एवं समस्त स्वयंसेवकों को बधाई दी।

# Poster making competition organized at Heed Udham Singh Government College

**MAINPAL KASHYAP**

**INDRI :** Poster making competition was organized by the three units of the National Service Scheme under the leadership of College Principal Dr. Vikas Atri at Shaheed Udham Singh Government College, Matak Majri, Indri. About 25 students participated in this competition. Volunteers of National Service Scheme participated. The theme of poster making competition was drug free, environmental protection, plastic free Haryana. College Principal Dr. Vikas Atri motivated students and said that such activities are organized for all round development of students. Principal told students about importance of Teacher's Day and said that students and teachers complement each other. Therefore, we should continue on our path by taking inspiration from our teachers. We should keep moving forward. The role of the jury in this competition was played by Prof. Naresh, Prof. Pooja and Prof. Kuldeep. Bhavna got first place, Samaya got second place and Himanshi got third place.



# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भावना ने पाया प्रथम स्थान

**इंद्री, (जगमार्ग न्यूज)।** शहर के साथ लगते गांव मटक माजरी स्थित शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विकास अत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों ईकाइयों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 25 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का विषय नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा व प्लास्टिक मुक्त हरियाणा आदि रहे। डॉ. विकास अत्री ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिये आयोजित की जाती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विकास अत्री ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिये आयोजनकर्ता डॉ. डिंपल, डॉ. संदीप, प्रो. वंदना एवं समस्त स्वयंसेवकों को बधाई दी।

दैनिक भास्कर
करनाल भास्कर 09-09-2023

# कॉलेज से निकाली साक्षरता जागरूकता रैली



इंद्री | शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इसमें सात हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सतीश भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर की। एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर अवश्य बनाएं। एनएसएस के संयोजक, डॉ. वंदना सैनी और डॉ संदीप ने भी विद्यार्थियों को शिक्षित समाज के फायदे के बारे में समझाया। डॉक्टर दीपा ने विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई उल्लास एप के बारे में जानकारी दी। इसका उद्देश्य समाज को शिक्षित करना है और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इसे अपने फोन में डाउनलोड करके इसका उपयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, साहिल, हिमांशी, लक्षिका, लक्ष्मी, दीक्षा दहिया और एनएसएस के स्वयंसेवक अभिषेक मोहित जैसे उत्साही विद्यार्थी ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजकुमार, डॉ. प्रदीप भारतीय, डॉ. रमेश, डॉ. सुरेंद्र सिंह ने भी इंद्री शहर में जागरूकता अभियान में मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को बताया साक्षरता का महत्व

- साक्षरता जागरुकता रैली का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में साक्षरता जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सात हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ. सतीश भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर की।



इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी मे साक्षरता जागरुकता रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स।

डॉ. भारद्वाज ने विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें इसके महत्व को समझाया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होने बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर अवश्य बनाएं। इस अवसर पर एनएसएस के संयोजक, डॉ वंदना सैनी और डॉ संदीप ने भी विद्यार्थियों को शिक्षित समाज के फायदे के बारे में समझाया। इस अवसर पर डॉक्टर दीपा ने विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई उल्लास ऐप के बारे में जानकारी दी।

इसका उद्देश्य समाज को शिक्षित करना है, और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इसे अपने फोन में डाउनलोड करके इसका उपयोग करने की सलाह दी। रैली में एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, साहिल, हिमांशी, लक्षिका, लक्ष्मी, दीक्षा दहिया और एनएसएस के स्वयंसेवक अभिषेक मोहित जैसे उत्साही विद्यार्थी ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजकुमार, डॉ प्रदीप भारतीय, डॉ रमेश, डॉ सुरेंद्र सिंह ने भी इंद्री शहर में जागरूकता अभियान मे मौजुद रहे।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

## न्यूज गैलरी

# विद्यार्थियों ने निकाली साक्षरता जागरुकता रैली



जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी।

**सवेरा न्यूज/अमित इंद्री :** आज शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, इन्द्री करनाल में एक साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साह से भाग लिया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ. सतीश भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर की। डॉ. भारद्वाज ने विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें इसके महत्व को समझाया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर अवश्य बनाएं। इस अवसर पर एनएसएस के संयोजक, डॉ वंदना सैनी और डॉ संदीप लड़वाल ने भी विद्यार्थियों को शिक्षति समाज के फायदे के बारे में समझाया। रैली में एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, साहिल, हिमांशी, लिक्षका, लक्ष्मी, दीक्षा दिहया और एनएसएस के स्वयंसेवक अभिषेक मोहित जैसे उत्साही विद्यार्थी ने भाग लिए। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजकुमार, डॉ प्रदीप भारतीय, डॉ रमेश, डॉ सुरेंद्र सिंह ने भी इंद्री शहर में जागरुकता अभियान का समर्थन किया। इस रैली ने साक्षरता के महत्व को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम उठाया और विद्यार्थियों को शिक्षित समाज के निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा दी।

# शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, करनाल में साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन



**ह्यूमन इंडिया/अमित सरोहा**

**इंद्री।** आज शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, इन्द्री करनाल में एक साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साह से भाग लिया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ. सतीश भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर की। डॉ. भारद्वाज ने विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें इसके महत्व को समझाया इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर अवश्य बनाएं। इस अवसर पर एनएसएस के संयोजक, डॉ वंदना सैनी और डॉ संदीप लड़वाल ने भी विद्यार्थियों को शिक्षित समाज के फायदे के बारे में समझाया।

इस अवसर पर डॉक्टर दीपा ने विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई उल्लास ऐप के बारे में जानकारी दी, जिसका उद्देश्य समाज को शिक्षित करना है, और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इसे अपने फोन में डाउनलोड करके इसका उपयोग करने की सलाह दी। रैली में एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, साहिल, हिमांशी, लक्षिका, लक्ष्मी, दीक्षा दहिया और एनएसएस के स्वयंसेवक अभिषेक मोहित जैसे उत्साही विद्यार्थी ने भाग लिए। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजकुमार, डॉ प्रदीप भारतीय, डॉ रमेश, डॉ सुरेंद्र सिंह ने भी इंद्री शहर में जागरूकता अभियान का समर्थन किया इस रैली ने साक्षरता के महत्व को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम उठाया और विद्यार्थियों को शिक्षित समाज के निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा दी।

# शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, करनाल में साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन




इंद्री। अमित सरोहा

आज शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, इन्द्री करनाल में एक साक्षरता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साह से भाग लिया।रैली की शुरुआत महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य, डॉ. सतीश भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर की । डॉ. भारद्वाज ने विद्यार्थियों को साक्षरता के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें इसके महत्व को समझाया।इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्हें बताया कि प्रत्येक विद्यार्थी का कर्तव्य है कि वह कम से कम एक व्यक्ति को साक्षर अवश्य बनाएं।

इस अवसर पर एनएसएस के संयोजक, डॉ वंदना सैनी और डॉ संदीप लड़वाल ने भी विद्यार्थियों को शिक्षित समाज के फायदे के बारे में समझाया।

इस अवसर पर डॉक्टर दीपा ने विद्यार्थियों को हरियाणा सरकार द्वारा जारी की गई ÷उल्लास ऐप÷ के बारे में जानकारी दी, जिसका उद्देश्य समाज को शिक्षित करना है, और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को इसे अपने फोन में डाउनलोड करके इसका उपयोग करने की सलाह दी। रैली में एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, साहिल, हिमांशी, लक्षिका, लक्ष्मी, दीक्षा दहिया और एनएसएस के स्वयंसेवक अभिषेक मोहित जैसे उत्साही विद्यार्थी ने भाग लिए। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राजकुमार, डॉ प्रदीप भारतीय, डॉ रमेश, डॉ सुरेंद्र सिंह ने भी इंद्री शहर में जागरूकता अभियान का समर्थन किया।इस रैली ने साक्षरता के महत्व को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण कदम उठाया और विद्यार्थियों को शिक्षित समाज के निर्माण में योगदान करने की प्रेरणा दी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष में एक व्याख्यान का हुआ आयोजन



इंडिया इम्पैक्ट
**मैनपाल कश्यप, इंद्री।** राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ॰ विकास अत्री ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत 24 सितंबर 1969 को डॉक्टर वी. के. एस.वी.राव द्वारा की गई थी ,जो कि उस समय शिक्षा मंत्री थे, और राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर व्यक्तित्व का विकास करना था ।उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को निरंतरता में करने से ही हमें सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं, लेकिन निरंतरता के साथ-साथ स्वयंसेवक का ऊर्जावान होना भी अति आवश्यक है , क्योंकि ऊर्जा से परिपूर्ण व्यक्ति ही अपने परिवार, अपने गांव, अपने महाविद्यालय तथा अपने देश के संपूर्ण विकास में तथा देश सेवा में योगदान दे सकता है ।महाविद्यालय प्राचार्य ने युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी पुस्तक में वर्णित पंक्ति "अपनी बुद्धि और शरीर को आप जितना कष्ट दोगे वह उतना ही आपका साथ देगा" का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया ।राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई प्रभारी प्रोफेसर डिंपल ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के चिन्ह पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व के बारे में बताया कि यह चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क में स्थित सूर्य मंदिर के रथ चक्र से लिया गया है।जिसका नीला रंग हमें दर्शाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना पूरे ब्रह्मांड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है ।जबकि लाल रंग युवाओं की शक्ति व ऊर्जा का प्रतीक है ,तथा पहिए में स्थित आठ चक्र दिन के आठ पहर तथा 24 घंटे को दर्शाते हैं, ताकि स्वयंसेवक हमेशा समाजसेवा के लिए तत्पर रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई प्रभारी प्रोफेसर वंदना सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरूआत महात्मा गांधी जी के सेवा भाव को ध्यान में रखते हुए की गई थी ,ताकि आने वाला युवा विद्यार्थी भी इसी प्रकार से राष्ट्र सेवा में अपनी भागीदारी दे। राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय इकाई प्रभारी प्रोफेसर संदीप कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि कैसे एक स्वयंसेवक राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वयं का व्यक्तित्व विकसित कर सकता है। मंच संचालन प्रोफेसर डिंपल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ विकास अत्री ने राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनो प्रभारी प्रोफेसर डिंपल, प्रोफेसर वंदना सैनी व प्रोफेसर संदीप को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए तथा सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम **राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान का किया आयोजन**

# राष्ट्रीय सेवा योजना में सामूहिक स्तर पर होता है व्यक्तित्व का विकास: अत्री

> 'किसी भी कार्य को निरंतरता में करने से ही हमें सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं'



**गुंजन**

**इंद्री, (जगमार्ग न्यूज)।** राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विकास अत्री ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत 24 सितंबर 1969 को डॉक्टर वी. के. एस.वी.राव द्वारा की गई थी ,ज कि उस समय शिक्षा मंत्री थे, और राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर व्यक्तित्व का विकास करना था। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को निरंतरता में करने से ही हमें सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं, लेकिन निरंतरता के साथ-साथ स्वयंसेवक का ऊर्जावान होना भी अति आवश्यक है, क्योंकि ऊर्जा से परिपूर्ण व्यक्ति ही अपने परिवार, अपने गांव, अपने महाविद्यालय तथा अपने देश के संपूर्ण विकास में तथा देश सेवा में योगदान दे सकता है। महाविद्यालय प्राचार्य ने युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी पुस्तक में वर्णित पंक्ति 'अपनी बुद्धि और शरीर को आप जितना कष्ट दोगे वह उतना ही आपका साथ देगा' का जिक्र करते हुए विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई प्रभारी प्रोफेसर डिंपल ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के चिन्ह पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व के बारे में बताया कि यह चिन्ह उड़ीसा के कोणार्क में स्थित सूर्य मंदिर के रथ चक्र से लिया गया है। जिसका नीला रंग हमें दर्शाता है कि राष्ट्रीय सेवा योजना पूरे ब्रह्मांड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहता है। जबकि लाल रंग युवाओं की शक्ति व ऊर्जा का प्रतीक है। पहिए में स्थित आठ चक्र दिन के आठ पहर तथा 24 घंटे को दर्शाते हैं, ताकि स्वयंसेवक हमेशा समाजसेवा के लिए तत्पर रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई प्रभारी प्रोफेसर वंदना सैनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत महात्मा गांधी जी के सेवा भाव को ध्यान में रखते हुए की गई थी ,ताकि आने वाला युवा विद्यार्थी भी इसी प्रकार से राष्ट्र सेवा में अपनी भागीदारी दे। राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय इकाई प्रभारी प्रोफेसर संदीप कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की बधाई दी।

॥ रक्तदान-महादान ॥

# शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय

मटक माजरी, इन्द्री (करनाल)

# विशाल रक्तदान शिविर

**दिनांक : 17 अक्टूबर 2023 | समय : 09:30 से 01:00 बजे तक**

राष्ट्र हित में मेरा योगदान-'रक्तदान'

**आयोजक :- एन. सी. सी, राष्ट्रीय सेवा योजना, रैड क्रॉस की इकाई**

सहयोकर्ता :- **श्री सेठपाल वर्मा C/o अर्जुन ज्वैलर्स इन्द्री M : 89012-50088** (कलसौरा वाले)

बताया है कि फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत जिला करनाल में 15 हैप्पी सीडर मशीन उपलब्ध है जोकि धान की कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई के बाद बचे हुए फानों में गेहूं की बिजाई कर सकती है।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में यह मशीन किसानों के लिए बहुत फायदेमंद साबित हुई है। इसलिए जो भी किसान इस मशीन से गेहूं की बुवाई करना चाहता है, वह कार्यालय से बिना किसी फीस के अपने ट्रैक्टर से ले जाकर गेहूं की बुवाई कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए किसान सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

## रहने के सिखाए गुर

करनाल, 17 अक्तूबर (काम्बोज): पतंजलि योग समिति करनाल एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट करनाल के अध्यक्ष सोम अरोड़ा के दिशा निर्देश में चलाई जा रही दिव्य योग कक्षा सेवा समिति आश्रम अर्जुन गेट करनाल में मंगलवार को साधकों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गए।

एडवाकेट शमशेर नैन ने कहा कि यदि हम योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे तो बीमारियां हमसे कोसों दूर रहेंगी। वर्तमान समय में चिकित्सक भी लोगों को स्वस्थ रहने के लिए योग



योग करने में यो ही ह

कहा सेहत निया योगा

# रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त एकत्रित



रक्तदाता को सम्मानित करते हुए।

इंद्री, 17 अक्तूबर (योगेश): शहीद ऊधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय की एन.सी.सी. और एन.एस.एस. के छात्रों ने भाग लिया। मुख्यातिथि के रूप में सेठपाल वर्मा अर्जुन ज्वैलर्स मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. विकास अत्री ने की।

इस शिविर में 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। महाविद्यालय से प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रदीप भारतीय, डॉ. हरीश, कुलदीप सिंह, डॉ. गुलाब, विकास, कृष्ण, और डॉ. रणबीर सिंह ने भी इस शिविर में रक्तदान किया।

एन.सी.सी. के सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, मलकीत, अरुण, जीवन, रोहित ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में डॉ. प्रदीप भारतीय, डॉ. डिंपल, डॉ. वंदना, डॉ. सविता, डॉ. रमे आदि मौजूद रहे।

कि

प्रदेश विभा उत्पा लोगों को न पराल किस

भरल शहज फुरल की द्वारा पराल प्रबंध


विज

# बिना वैरीफाई किसी भी वैबसाइट का प्रयोग न

करनाल, 17 अक्तूबर (पंकेस): पुलिस द्वारा मनाए जा रहे साइबर जागरूकता माह के अंतर्गत डी.पी.एस. स्कूल और डी.ए.वी. पुलिस लाइन पब्लिक स्कूल साइबर जागरुकता शिविर लगाया। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों व स्टाफ को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। इस दौरान करीब 800 विद्यार्थी व स्टाफ मौजूद रहा।

भी वैबसाइट का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि इसका प्रयोग करना खतरनाक हो सकता है।

ऐसा करने से हमारे मोबाइल और कंप्यूटर से सारी जानकारी लीक हो सकती है और हम साइबर अपराध का शिकार हो सकते हैं। टीम ने बताया कि किसी



विद्यार्थियों को साइबर क्राइ

ओ. और

दैनिक सवेरा
टाइम्स

# सरदार पटेल ने अपनी राजनीतिक कुशलता, धैर्य और साहस से देश को एकजुट किया : डा. अत्री





विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डा. विकास अत्री व स्टाफ सदस्य।

**सवेरा न्यूज/अमित**

इंद्री, 31 अक्टूबर : आज शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर महाविद्यालय की एनसीसी एवं एनएसएस इकाई के द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विकास अत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी राजनीतिक कुशलता, धैर्य और साहस से देश को एकजुट किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के महत्व पर जोर देता है। एनएसएस अधिकारी डॉ डिंपल ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलवाई। एकता दौड़ के दौरान डॉ वंदना सैनी, डॉ प्रदीप भारतीय, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डॉ रमेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थी सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, शालू, अरुण आदि विद्यार्थियों ने इस दौड़ में हिस्सा लिया। कार्यक्रम डॉ पूजा, डा. रीटा, डा. डिंपल, भारती, संदीप इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पूरी-पूरी सम्भावना है।



# महाविद्यालय में एकता दौड़ का आयोजन

इन्द्री, नरेन्द्र धुमसी (पंजाब केसरी): शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एनसीसी एवं एनएसएस इकाई द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड़ के दौरान मुख्य रूप से डॉ वंदना सैनी, डॉ प्रदीप भारतीय, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ रमेश आदि ने भी शिरकत की। प्राचार्य डॉ विकास अत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी राजनीतिक कुशलता, धैर्य और साहस से देश को एकजुट करने का कार्य किया। उन्होंने देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता की रक्षा की ताकि आने वाली पीढ़ियां सम्मान, शांति और समृद्धि के साथ रह सकें। एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के महत्व पर जोर देता है। एनएसएस अधिकारी डॉ डिंपल ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलवाई।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्राचार्य, स्टाफ सदस्य एवं अन्य।

# एनसीसी एवं एनएसएस इकाई द्वारा किया एकता दौड़ का आयोजन

इन्द्री, 31 अक्तूबर (नरेन्द्र): शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एनसीसी एवं एनएसएस इकाई द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। एकता दौड़ के दौरान मुख्य रूप से डॉ. वंदना सैनी, डॉ. प्रदीप भारतीय, डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. रमेश आदि ने भी शिरकत की। प्राचार्य डॉ. विकास अत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी राजनीतिक कुशलता, धैर्य और साहस से देश को एकजुट करने का कार्य किया। एनएसएस अधिकारी डॉ. डिंपल ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलवाई। एनएसएस एवं एनसीसी के विद्यार्थी सीनियर अंडर ऑफिसर मोहित, शालू, अरुण आदि विद्यार्थियों ने इस दौड़ में हिस्सा लिया। जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन दूसरी ओर महाविद्यालय में रैड क्रॉस इकाई द्वारा एचआईवी/एड्स और व्यक्तिगत स्वच्छता की जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. मंजू ने इस संदर्भ में व्याख्यान दिया एवं कार्यक्रम में डॉ. पूजा, डा. रीटा, डा. डिंपल भारतीसंदीप कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अजीत समाचार 01-Nov-2023
Page: 9
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
http://www.ajitsamachar.com/20231101/27/9/1_1.cms



# स्वयंसेवकों में जगाई देशभक्ति की अलख

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत किया व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकास अत्री ने की । विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए सबको साथ लेकर चलने का है । उन्होंने बताया कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने, गुलामी की मानसिकता को छोड़ते हुए अपनी विरासत पर गर्व करने एवं 2047 तक भारत को विकसित देश की श्रेणी में लाकर खड़ा करने में युवाओं की विशेष भूमिका रहने वाली हैं । कार्यक्रम के संयोजक एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने विद्यार्थियों को सरकार की लगभग 20 योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। इन योजनाओं में मुख्यता प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, श्रम योगी मानधन योजना, वश्विकर्मा योजना की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी तीन विद्यार्थियों प्रिया, अंजली और समीक्षा ने अपने अनुभवों को भी साझा किया। कार्यक्रम में व्याख्यान के बाद एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया । जिसमें दीपांशु, मोहित, अरुण, अंजलि,समीक्षा विजेता रही। कार्यक्रम में एनसीसी के 40 विद्यार्थियों के अतिरिक्त एनएसएस एवं महिला प्रकोष्ठ के विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ राजकुमार, डॉ अनिल, डॉ अनीता, डॉ नर्मिला, डॉ रजनी, डॉ मंजू, महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ मीनाक्षी, डॉ भारती, डॉ सुमन एनएसएस अधिकारी डॉ डिंपल, डॉ वंदना व डॉ संदीप उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं के बारे बताया




भास्कर न्यूज़ | इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास अत्री ने की। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के लिए सबको साथ लेकर चलने का है। कार्यक्रम के संयोजक एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने विद्यार्थियों को सरकार की लगभग 20 योजनाओं के बारे में अवगत करवाया।

इन योजनाओं में मुख्यता प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, श्रम योगी मानधन योजना, विश्वकर्मा योजना की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थी तीन विद्यार्थियों प्रिया, अंजलि और समीक्षा ने अपने अनुभवों को भी साझा किया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हुई। जिसमें दीपांशु, मोहित, अरुण, अंजलि, समीक्षा विजेता रही। मौके पर डॉ. राजकुमार, डॉ. अनिल, डॉ. अनीता, डॉ. निर्मला, डॉ. रजनी, डॉ. मंजू, महिला प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. मीनाक्षी, डॉ. भारती, डॉ. सुमन एनएसएस अधिकारी डॉ. डिंपल, डॉ. वंदना व डॉ. संदीप मौजूद थे।